## शत प्रतिशत डिजिटलाइजेशन करने वाले बीएलओ सम्मानित

### अपर कलेक्टर ने बाइक से एसआईआर कार्य का किया निरीक्षण





**अनूपपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के कोतमा विधानसभा अंतर्गत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का कार्य संचालित किया जा रहा है। कोतमा विधानसभा अंतर्गत 202 बूथों पर बीएलओ एवं अन्य के द्वारा डोर टू डोर जाकर गणना पत्रक भरवाने का कार्य जारी है। कोतमा विधानसभा के 3 मतदान केंद्र में बीएलओ सक्रियता पूर्वक 100 प्रतिशत कार्य पूरा कर दिया गया है। जिस पर तीनों बीएलओ को किया सम्मानित किया गया। एसआईआर कार्य का निरीक्षण करने रविवारको अपर कलेक्टर ने बाइक से घूम कर निरीक्षण किया। मतदान केंद्र क्रमांक 79 देवगवा बीएलओ आम्रकेश शुक्ला ने 663 मतदाता,मतदान केंद्र 152 बंनगवा नीलेश कुमार ने 362 एवं मतदान केंद्र 165 डूमर कछार के 239 मतदाताओ के नाम को बीएलओ नरेंद्र देवांगन ने सूची में जोड़ते हुए डिजिटाइजेशन का कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण किया गया। सबसे पहले कार्य पूरा होने पर एसडीएम टीआर नाग ने तीनों बीएलओ को समीक्षा बैठक में शाल एवं श्रीफल से सम्मानित किया। इस दौरान तहसीलदार, सहित अन्य राजस्व अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। एसडीएम ने अन्य सभी बीएलओ को भी इनके निर्वाचन के प्रति समर्पित सेवा भाव से सीख लेते हुए जल्द से जल्द निर्वाचन कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

**अपर कलेक्टर ने बाइक से किया निरीक्षण**- निर्वाचन आयोग ने समय पर मतदाता सूची पत्रक भरे जाने के निर्देश जारी किया है। जिसकी मॉनिटरिंग के लिए रविवार को अपर कलेक्टर दिलीप पांडे ने कोतमा नगर के सभी वार्डो एवं बूथों का भ्रमण किया। साप्ताहिक बाजार होने के कारण बाइक से भी पूरे दिन फील्ड में निरीक्षण कर जायजा लेते रहे। इस दौरान आरके तिवारी, रवि सोनी सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

## अभाविप ने किया सामान्य ज्ञान परीक्षा का आयोजन

**पन्ना, देशबन्धु।** भगवान बिरसा मुंडा की 150 की जयंती के उपलक्ष में पूरे महाकौशल क्षेत्र में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वाधान में विभिन्न विद्यालयों केछात्र छात्राओं द्वारा सामान्य ज्ञान से संबंधित परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें अलग-अलग स्थान पर उक्त परीक्षाएं जिले भर में आयोजित हुई ।पन्ना जिला मुख्यालय में प्रमोद गंगेले शिक्षक तथा अन्य सहयोगियों के द्वारा जिला मुख्यालय में छत्रसाल पार्क मैदान में परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें डेढ़ सौ से अधिक छात्र छात्राओं ने भाग लिया तथा भगवान बिरसा मुंडा के व्यक्तित्व कृतित्व एवं उनके द्वारा जनजाति समाज के लिए किए गए कार्यों से संबंधित प्रश्नों को पूछा गया इसके संबंध में बाकायदा प्रश्न पत्र बनाया गया था जिसमें। छात्र छात्राओं ने तैयारी करके प्रश्नों का उत्तर दिया।

## दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में एक गंभीर, किया रेफर

### घायल को ले जाने के लिए डेढ़ घंटे बाद मिली एम्बुलेंस





**अनूपपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के पुष्पराजगढ़ तहसील मुख्यालय के ग्राम धनपुरी के तिराहा में रविवार की दोपहर दो बाईक आमने-सामने टकरा गई जिसमे एक चालक 10 फीट दूर जाकर गिरा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं दूसरा चालक घायल हैं।

जानकारी अनुसार पुष्पराजगढ़ तहसील मुख्यालय के ग्राम धनपुरी के तिराहा में दो बाईक आमने-सामने की टक्कर से दो पहिया वाहन चालक 25 वर्षीय राहुल सिंह ग्राम पोड़की 10 फीट दूर जाकर गिरा जिसके सर एवं कान में गंभीर चोट आई, दूसरा चालक 22 वर्षीय अरविन्द मरावी ग्राम भीमकुण्डी एवं 24 वर्षीय दीपक नायक पिता रामा नायक ग्राम करपा दोनों के हाथ पैर में चोट लगने से घायल हो गये। इस दौरान गुजर रहें राहगीरो ने 108 डायल कर एम्बुलेंस बुलाया और घायलों को एम्बुलेंस बैठा कर अस्पताल भिजवाया। जिसका प्राथमिक ईलाज के गंभीर रूप घायलों को रेफर किया गया। इसके बाद एम्बुलेंस बुलाई गई जिसके चालक ने बताया कि इस एंबुलेंस का स्टेरिंग जाम है, यह है किरर घाट नहीं उतर पाएगी, इसके बाद डॉक्टर ने काफी देर तक एंबुलेंस के लिए 108 पर फोन लगाने के बाद डेढ़ घंटे बाद दूसरी एम्बुलेंस आई तब जिला चिकित्सालय शहडोल रिफर किया गया। डॉक्टर के अनुसार घायल मरीज को हेड इंजुरी बताया गया। घायल राहुल सिंह की स्थिति नाजुक बताई जा रही है।

### सार-समाचार

## अनूपपुर में होटल में मारपीट तोड़फोड़ करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार




**अनूपपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिला मुख्यालय की पुलिस ने दुकान में घुसकर मारपीट और तोड़फोड़ करने वाले 3 को रविवार को गिरफ्तार किया हैं। कोतवाली पुलिस ने बताया कि गत दिनों अनूपपुर नगर के होटल में 3 युवको ने दुकान में घुसकर मारपीट और तोड़फोड़ करने की शिकायत दुकान के संचालक ने लिखाई थी जिस पर कोतवाली पुलिस ने होटल संचालक की शिकायत पर अरोपितों के खिलाफ अपराध की धारा 296, 115(2),351(2),3(5) बी.एन.एस. का पंजीबद्ध किया कर तलास प्रारंभ की जो रविवार को टी.आई. कोतवाली निरीक्षक के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक संतोष कुमार वर्मा, प्रधान आरक्षक महेन्द्र राठौर, आरक्षक अब्दुल कलीम की टीम द्वारा तीनो आरोपित 30 वर्षीय विकास सिहं पुत्र श्यामलाल सिहं, 29 वर्षीय महेन्द्र सिहं पुत्र विनोद सिहं एंव 25 वर्षीय नितिन द्विवेदी पुत्र नीलेश द्विवेदी तीनों निवासी संजय नगर चौकी देवहरा थाना चचाई को गिरफ्तार किया गया।

## नगर पालिका पन्ना में चल रहा फर्जीवाडा अवैध कॉलोनी में बनाई जा रही सीसी रोड

**पन्ना, देशबन्धु।** नगर पालिका पन्ना अनेक कारनामों के चलते लगातार चर्चाओं में है नगर पालिका में नियम कानून ताक पर रखकर कार्य कराए जा रहे हैं व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार एवं फर्जी वाडा चल रहा है जहां एक ओर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा अवैध कॉलोनी विक्रय करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे वहीं दूसरी ओर पन्ना नगर पालिका द्वारा अवैध कॉलोनी को बेध करके उन्हें सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं तथा अवैध वसूली भी की जा रही है इसी प्रकार का मामला वार्ड क्रमांक 28 जगन्नाथ कॉलोनी का सामने आया है जहां पर अवैध कॉलोनी के लिए सीसी रोड का निर्माण कार्य चल रहा है तथा लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं जबकि शासन के नियम अनुसार कॉलोनी विक्रय करने वालों को सभी सुविधाएं विकसित करके देने का नियम है जिसमें बिजली पानी नाली सड़क सीसी मंदिर तथा खेल मैदान के लिए जमीन दी जानी चाहिए लेकिन पन्ना जिले में उक्त नियम का पालन नहीं किया जा रहा है नगर पालिका द्वारा उक्त अवैध कॉलोनी में सुविधाएं विकसित की जाती हैं तथा संबंधित कॉलोनाइजर से भी पैसे वसूले जाते हैं और नगर पालिका द्वारा कराए गए निर्माण कार्य में भी कमीशन खाया जाता है ज्ञात होउक्त कॉलोनी नगर पालिका अध्यक्ष मीना पांडे के पति विष्णु पांडे के द्वारा लोगों को विक्रय की गई थी और इसी में यह कार्य किए जा रहे हैं।

## अनूपपुर : धारदार तलवार लहराते हुए बदमाश रंगे हाथों पकड़ाया, गिरफ्तार

### पुलिस अधीक्षक ने जिला बदर के दिए आदेश




**अनूपपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिला मुख्यालय की पुलिस ने सड़क पर धारदार तलवार लेकर गुण्डागर्दी कर रहें सूचीबद्ध 40 वर्षीय गुण्डा को रंगे हाथो धारदार तलवार के साथ पकड़ा जाकर आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया हैं। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान ने सूचीबद्ध गुण्डा बदमाश को जिला बदर कराये जाने हेतु आदेशित किया है। पुलिस के अनुसार रविवार की दोपहर मुखबिर की सूचना पर पटौराटोला में सड़क पर धारदार तलवार लेकर गुण्डागर्दी कर रहे पूर्व सूचीबद्ध गुण्डा बदमाश रवि यादव पुत्र नर्मदा प्रसाद यादव निवासी अनूपपुर को रंगे हाथो धारदार तलवार के साथ पकड़ा कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए थाना कोतवाली अनूपपुर में धारा 25 बी आर्म्स एक्ट में पंजीबद्ध किया गया है। ज्ञात हो कि आरोपी रवि यादव के विरूद्ध थाना कोतवाली अनूपपुर में पूर्व से चोरी, नकबजनी, मारपीट, धमकी देने, चोट पहुंचाने, जुआ खेलने, अवैध हथियार रखने, आत्महत्या को दुष्प्रेरित करने के करीब एक दर्जन आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है एवं न्यायालय में विचाराधीन है।

## विधवा महिला की रोज़ी-रोटी पर नपा की कार्रवाई, शिकायत वापस लेने दबाव



**अनूपपुर, देशबन्धु।** नगर पालिका परिषद अनूपपुर के वार्ड क्रमांक-1 में स्थित प्राचीन शिव मारुति मंदिर के निकट चाय का ठेला लगाकर परिवार का भरण-पोषण करने वाली विधवा विमला राठौर की रोजी-रोटी पर नपा की कार्रवाई ने स्थानीय स्तर पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार नगर पालिका ने कुछ समय पहले उनका चाय ठेला हटा दिया, जिसके बाद असहाय महिला लगातार स्थानीय प्रतिनिधियों से अपनी वेदना बताती रही,परंतु किसी ने उनकी बात नहीं सुनी। निराश होकर महिला ने डायल 181 में अपनी शिकायत दर्ज कराई। आरोप है कि जांच की सूचना मिलते ही नगर पालिका परिषद में पदस्थ राजस्व निरीक्षक ने समस्या समाधान के बजाय पीड़ित महिला पर दबाव बनाना शुरू कर दिया कि वह शिकायत वापस ले ले, अन्यथा गरीबी रेखा के अंतर्गत मिलने वाली योजनाओं से उसे वंचित कर दिया जाएगा। यह कार्रवाई न केवल अमानवीय है, बल्कि प्रशासनिक आचरण पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि वार्ड की ही पार्षद एवं नगर पालिका अध्यक्ष, जो स्वयं महिला नेतृत्व की प्रतिनिधि हैं, इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप करें और महिला को उसी स्थान पर चाय ठेला लगाने की अनुमति दिलाएँ जहाँ वह पूर्व में अपना व्यवसाय करती थी। साथ ही पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर संबंधित राजस्व निरीक्षक पर वैधानिक कार्रवाई की मांग भी की गई है।

समाजसेवी शेषनारायण राठौर ने सोशल मीडिया पर इस मामले को प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि एक ओर देश का प्रधानमंत्री स्वयं को 'चाय वाला' बताते हैं, वहीं दूसरी ओर एक छोटे नगर में एक गरीब विधवा महिला की रोज़ी-रोटी छीन ली जा रही है यह प्रदेश की छवि पर भी प्रश्नचिह्न है। उन्होंने जिला कलेक्टर से आग्रह किया है कि नगर पालिका द्वारा गरीबों के हक पर हो रहे कथित अत्याचार पर तुरंत संज्ञान लेते हुए पीड़ित महिला को न्याय दिलाया जाए। यह मामला केवल एक महिला की आजीविका का नहीं, बल्कि प्रशासनिक संवेदनशीलता और जवाबदेही की परीक्षा भी है।

## ग्राम बदरा में सांस्कृतिक संध्या का कार्यक्रम आयोजित



**अनूपपुर, देशबन्धु।** ग्राम बदरा महामाया मंदिर के प्रांगण में आयोजित सांध्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को भव्य रूप से संपन्न हुई। महामाया पंडाल में दोपहर से प्रारम्भ हुए इस कार्यक्रम में स्थानीय विद्यालयों के 150 बच्चों ने अपना कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जहां सभी ने विविध रंगारंग कार्यक्रम का आनंद लिया। ग्रामीण कला-संस्कृति की झलक पेश की हजारों की संख्या में उपस्थित ग्रामीणों ने तालियों और उत्साह के साथ बच्चों का मनोबल बढ़ाया।

**सांस्कृतिक शिक्षा का संगठित प्रयास**- कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक समिति द्वारा किया गया, जो पिछले 18 वर्षो से समिति के सचिव नूर मोहम्मद तन्हा के नेतृत्व में बच्चों की सांस्कृतिक गतिविधियों को निरंतर प्रोत्साहित करती आ रही है। रंगारंग कार्यक्रम में प्रथम स्थान संदीपनी विद्यालय और कमल पब्लिक स्कूल को प्राप्त हुआ अन्य विद्यालयो के बच्चों ने भी विभिन्न नाट्य, डांस आदि प्रस्तुत किए।

**शिक्षा व विकास को मिलेगी नई दिशा**- महाप्रबंधक प्रभाकर राम त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि 'बच्चों का शिक्षा के साथ चौमुखी विकास आवश्यक है नई तकनीकें शिक्षा में तेजी से आ रही हैं, इसलिए शिक्षकों को भी निरंतर प्रशिक्षण लेकर स्वयं को अपग्रेड करना चाहिए। अनूपपुर जिले के 84 विद्यालयों में स्मार्ट क्लासेस के लिए सहयोग दिया गया है। पिछले वर्ष बदरा में जलापूर्ति व्यवस्था कराई गई थी, और इस वर्ष भी दो नए विकास कार्यों को स्वीकृति दी गई है।

साथ ही उन्होंने कार्यक्रम मंच निर्माण की सार्वजनिक घोषणा भी की। उन्होंने ग्रामीण बच्चों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगी परीक्षाओं और खेलों के लिए तैयार होने की प्रेरणा देते हुए कहा 'मिनी ब्राज़ील (विचारपुर, शहडोल) की तरह यहां के बच्चे भी राष्ट्रीय स्तर पर नाम कमा सकते हैं मनोबल ऊँचा रखें, सफलता जरूर मिलेगी।

**रंगारंग प्रस्तुतियों ने जीता दिल विजेताओं का सम्मान**- सांस्कृतिक संध्या में आसपास के सभी विद्यालयों के बच्चों ने नृत्य, नाटक, गीत और लोक-संस्कृति आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह, पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समिति, जनप्रतिनिधि, स्कूल प्रबंधन, ग्रामीण महिलाएँ और युवा पूरे समय आयोजन में सक्रिय रूप से शामिल रहे। ग्रामीणों ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से बच्चों की प्रतिभा निखरती है।

## दैनिक राशिफल

**सोमवार 24 नवम्बर 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। अगहन शुक्ल पक्ष की चतुर्थी, नक्षत्र-पू.षा.।**

मेष - आज आपके निर्धारित काम आसानी से पूरा कर सकेंगे, परंतु ऐसा हो सकता है कि आप जो प्रयत्न कर रहे हैं वे गलत दिशा में हों। धार्मिक या मांगलिक अवसरों पर जाना हो सकता है।

वृषभ - हाथ में लिए हुए काम समय पर पूरा न होने पर हताशा का अनुभव होगा। कार्य सफलता में थोड़ा विलंब होगा। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब होगा।

मिथुन - स्फूर्ति और उत्साह से आपके आज का दिन प्रारंभ होगा। मित्रों तथा परिजनों के साथ बाहर घूमने जाएंगे तथा पार्टी का आयोजन होगा। मनोरंजन कर सकते हैं।

कर्क - आज आपको सफलता और आनंद की प्राप्ति होगी। घरेलू वातावरण सुख- शांतिवाला होगा। नौकरी में लाभ हो सकता है। आप विरोधियों को परास्त कर सकेंगे। आपके काम की कद्र होगी।

सिंह - आपको साहित्य में कुछ नवीन सृजन करने की प्रेरणा मिलेगी। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल होने के कारण पढ़ाई में सफलता प्राप्त कर सकेंगे। प्रेम में सफलता मिलेगी।

कन्या - आज का दिन किसी भी काम के लिए अनुकूल नहीं है। आपका स्वास्थ्य खराब होगा, मन में चिंता महसूस होगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद होगा।

तुला - शुभ या धार्मिक अवसरों पर यात्रा प्रवास का आयोजन होगा। भाई-बंधुओं के साथ अच्छे वातावरण में घरेलू मामलों पर चर्चा होगी। व्यापार के लिए बाहर जाना हो सकता है।

वृश्चिक - परिवार में संघर्ष या मनमुटाव होने की संभावना है, अत: ध्यान रखें। आपको नेगेटिविटी से दूर रहना चाहिए। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल नहीं है।

धनु - आज आपके निर्धारित काम में सफलता और आर्थिक लाभ की संभावना है। सपरिवार मांगलिक कार्यक्रम में उपस्थित होंगे। कहीं घूमने जाने या खासकर किसी तीर्थयात्रा पर जाने की संभावना है।

मकर - स्वास्थ्य संबंधी शिकायत रहेगी। मन में उचाट अनुभव करेंगे। व्यवसाय में सरकार का हस्तक्षेप बढ़ेगा। धार्मिक कामों के पीछे धन खर्च होगा। आध्यात्मिक और धार्मिक व्यवहार में वृद्धि होगी।

कुंभ - मांगलिक और नए काम का आयोजन करने के लिए अत्यंत शुभ दिन है। अविवाहितों का विवाह आयोजित होगा। पत्नी और संतान के समाचार मिलेंगे।

मीन - आज आपके सभी काम सफलतापूर्वक सफल होंगे। नौकरी और व्यवसाय में पदोन्नति होगी। व्यापारियों के रुके हुए पैसे मिलेंगे। पिता तथा बुजुर्गों से लाभ होगा।

1,3,6,7,15,36,64,75,77,31,03,11

**मुलाकात एक बहाना है, नेताओं के तल्खियों का सिलसिला पुराना है**

## हम सब एक बताने का प्रयासः कांग्रेस नेताओं की साझा तस्वीर वायरल, जनता को अब भी संदेह, लोग उठा रहे सवाल ?



**अनूपपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के वरिष्ठ और समर्पित नेताओं ने जनता को पार्टी के अंदर सब कुछ ठीक चल रहा है को दिखाने के मद्देनजर कांग्रेस नेताओं की एक साझा तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, इस तस्वीर में कांग्रेस के विधायक फुन्देलाल सिंह ,पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश सिंह, कोतमा पूर्व विधायक सुनील सराफ, आशीष त्रिपाठी और पिछड़ा वर्ग कांग्रेस जिला अध्यक्ष रजन कुमार राठौर एक साथ दिख रहें हैं।

हालांकि, इस तस्वीर को लेकर लोगों का कहना है कि यह अंदरखाने गुटबाज़ी, टांग खींचाई और वर्चस्व को लेकर चल रही खींचतान को छिपाने का प्रयास है। तस्वीर को लेकर लोगों के बीच चर्चाओं का भी दौर शुरू हो गया हैं। सोशल मीडिया में इसे लेकर तरह-तरह की टिप्पणी कर रहे। लोगों ने कहां कि यह महज कोई संयोग हो सकता है कि किसी यात्रा के दौरान कही मुलाकात हो गई हो, तो कोई कहता हैं की यह तस्वीर संदेह पैदा कर रही है कप्यूटर तकनीकी का इस्तेमाल कर तो नहीं बनाया गया है।

कुछ लोगों का कहना है कि यह तस्वीर महज एक दिखावा है, और अंदरखाने गठबंधन में तनाव है, कांग्रेसजनों का मानना है कि यह एकता का प्रतीक है, कांग्रेस पार्टी अपने नेताओ कार्यकर्ताओं और सहयोगियों के साथ मिलकर मुद्दों के लिए तैयार है। यह भी कहा कि इस तस्वीर से जनता को गुमराह किया जा रहा है, और असली मुद्दों गुटबाजी से ध्यान भटकाया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी में गुटबाजी एक बड़ा मुद्दा है, जिससे पार्टी की एकता और मजबूत नेतृत्व की कमी होती है। भाजपा की बढ़ती लोकप्रियता और मजबूत संगठन कांग्रेस के लिए चुनौती है। अनूपपुर में स्थानीय मुद्दों जैसे कि रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क की खराब स्थिति कांग्रेस के लिए चुनौती हैं, पार्टी को दिशा नहीं मिल पा रही है। भाजपा की आक्रामक रणनीति कांग्रेस के लिए चुनौती है इन चुनौतियों का सामना करने के लिए कांग्रेस को अपनी रणनीति में बदलाव करना होगा और स्थानीय मुद्दों पर ध्यान देना होगा।

**अपनी अपनी राह** - अनूपपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव के पहल जिले भर में नेताओ की सक्रियता ने पूरे पार्टी की तस्वीर बदल कर रख दी थी सब नेता कार्यकर्ता भले ही वे किसी भी गुट या समर्थक रहे हो पार्टी की गतिविधियों और जनसम्पर्क में सुपर एक्टिव थे जिले में पार्टी के पक्ष में माहौल बनने लगा था कार्यकर्ता निराशा से बाहर आ कर सामाजिक ताने बाने, समर्थन विरोध पर खुलकर चर्चा कर रहे थे। लेकिन जिला कांग्रेस के अध्यक्ष पद के परिणाम ने गुटीय राजनीती की बिसात बिछा दी।